मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-377
03/11/2024

# मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी एवं पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना की

पटना, 03 नवम्बर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी जाकर भगवान चित्रगुप्त की पूजा–अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख–शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की।

मुख्यमंत्री का गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी चित्रगुप्त पूजा समिति की ओर से अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने पटना सिटी के नौजर घाट, दीवान मुहल्ला स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर में पूजा–अर्चना की एवं राज्य के विकास, सुख–शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना की।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व राज्यसभा सांसद श्री आर0के0 सिन्हा, पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू, पूर्व विधान पार्षद सह गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी प्रबंध न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ0 रणवीर नंदन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री आलोक राज, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ0 गोपाल सिंह सहित गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी पूजा समिति तथा श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******